Statement

Actual percentage of posts filled in by the Ex-servicemen during the last three years

Year	Utilisation	Percentage
	Gp 'C'	Gp 'D'
Para Military Forces		
1983	10.5	9.0
1984	25.8	9.3
1985	84.5	6.1
Central Public Sector Undertakings		
1983	31.0	30.0
1984	37.3	45.2
1985	47.8	56.6

बिहार के मुख्य मंत्री के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच की मांग

1416. **श्री सुशील चन्द महन्त :**
श्री राम नरेश कुशवाहा :
श्री हुक्मदेव नारायण यादव :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ संसद सदस्यों ने दिनांक 22 अक्तूबर, 1985 के अपने पत्र के साथ बिहार विधान सभा के सदस्यों द्वारा बिहार के मुख्य मंत्री के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की सूची लगाते हुए उनके विरुद्ध जांच की मांग की है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) तथा (ख) एक माननीय संसद् सदस्य ने 22 अक्तूबर 1985 के अपने पत्र के साथ, बिहार के मुख्य मंत्री को सम्बोधित, बिहार विधान मंडल के एक सदस्य के दिनांक 8 अक्तूबर, 1985 के पत्र की एक साइक्लोस्टाइल की हुई प्रति भेजी थी जिसमें विशेष रूप से बिहार के मुख्य मंत्री के विरुद्ध नहीं बल्कि दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया गया था । बिहार विधान मंडल के सदस्य के उपर्युक्त पत्र में, बिहार के मुख्य मंत्री के विरुद्ध कोई विशेष आरोप नहीं लगाया गया था और उसमें मूल आरोप यह था कि मुख्य मंत्री के प्रभार में राज्य सरकार के विभाग भ्रष्ट हैं । चूंकि इस सम्बन्ध में कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार सक्षम थी इसलिए, माननीय संसद् सदस्य के पत्र की एक प्रति समुचित कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेज दी गई थी ।